Minutes - 2017-18

बैठक

कॉलेज प्राचार्या की अध्यक्षता में गठित एल्यूमनी एसोसिएशन के सदस्यों की एक बैठक 16 जनवरी 2018 को डॉ० आशा खत्री के नेतृत्व में बुलाई गई। संघ के सदस्यों डॉ० प्रमिला, डॉ० दर्शना, डॉ० रमेश तथा श्रीमती शालिनी और डॉ० सीमांत ने निर्णय लिया कि आगामी 'पूर्व छात्रा मिलन समारोह' के लिए छात्राओं को समाचार-पत्रों तथा टेलीफोन के द्वारा सूचित किया जाएगा आने वाली सभी छात्राओं के जलपान तथा भोजन की व्यवस्था के बारे में भी योजना बनाई गई। सभी सदस्यों ने यह भी निर्णय लिया कि आगामी वर्षों में आने वाली NAAC टीम की विजिट तथा एल्यूमनी संघ की उसमें भागीदारी के विषय में भी सभी को बताया जाएगा ताकि सभी पूर्व छात्रा उस समय बड़ी संख्या में आकर अपने विचारों और आत्मनिर्भरता के बारे में टीम को अवगत करवाएँ।

सदस्य :- डॉ० - आशा खत्री Akhatri

डॉ० दर्शना - Darshana

डॉ० सीमांत Simant

डॉ० प्रमिला Pamila

डॉ० रमेश Ramesh

श्रीमती शालिनी Shalini

श्रीमती सुमन Suman

श्री प्रवीण

Principal
Kanya Mahavidyalaya
Kharkhoda, Sonipat

# रिपोर्ट

Session - 2017 - 18

दिनांक 10 अप्रैल 2018 को कॉलेज प्राचार्या डॉ० सुरेश बुरा जी की अध्यक्षता में 'पूर्व छात्रा मिलन समारोह' का आयोजन किया गया। प्राचार्या जी ने सभी पूर्व छात्राओं का स्वागत किया तथा उनको शिक्षा और रोजगार के विषय में जानकारी ली। एल्यूमनी संघ की अध्यक्षा डॉ० आशा खत्री तथा अन्य सदस्यों ने भी छात्राओं की कुशलक्षेम पूछने के बाद विभिन्न विषयों पर और कार्यक्षेत्र के बारे में विचार विमर्श किया। पिछले वर्ष के समारोह में छात्राओं ने जो हर्बल वाटिका का सुझाव दिया था उसके अनुरूप संघ सदस्यों के प्रयास से कालेज में उस वाटिका का निर्माण किया गया इसकी जानकारी भी छात्राओं को दी गई।

आगंतुक छात्राओं से और भी सुझाव मांगे गए कि वो और क्या नई सुविधा कालेज में देखना चाहती हैं तो वर्तमान की सुविधाओं पर उन्होंने संतुष्टि प्रकट की तथा छात्राओं की यहां बढ़ती हुई संख्या पर खुशी जाहिर की और सुझाव दिया कि छात्राओं की संख्या बढ़ने से कॉलेज में कंप्यूटरों की संख्या को बढ़ाने का भी सुझाव दिया। जिसको संघ सदस्यों ने तुरंत मान लिया और प्राचार्या जी की

भी अनुमति और सहमति इसके लिए मांगी। पूर्व छात्राओं के जलपान तथा भोजन की भी व्यवस्था की गई। सभी पूर्व छात्राएँ यहाँ आकर काफी खुशी का अनुभव कर रही थी। इस समारोह में छात्राओं को आगामी वर्षों में महाविद्यालय में आने वाली NAAC टीम की विजिट के बारे में बताया तथा एल्युमनी संघ की इसमें भागीदारी के बारे में भी विस्तार से बताया गया। सभी छात्राओं ने इसके लिए अपने - अपने विचार भी रखे।